के .एल . राहुल के शतक पर भारी पड़े मिचेल

कीवियों ने टीम इंडिया से दूसरा एक दिवसीय मैच सात विकेट से जीता, सीरीज की 1-1 से बराबर

के .एल . राहुल	
रन	112
गेंद	92
चौके	11
छक्के	1

राजकोट 14 जनवरी. न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में बराबरी हासिल कर ली है। न्यूजीलैंड ने बुधवार को दूसरे वनडे में सात विकेट से जीत दर्ज की।

भारत ने राजकोट में 285 रनों के टारगेट दिया, जिसे न्यूजीलैंड ने 47.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर चेज किया। डेरिल मिचेल और विल यंग ने टीम इंडिया की बत्ती गुल की। मिचेल ने 117 गेंदों में नाबाद 131 रन बनाए। उन्होंने 11 चौके और दो छक्के जमाए। यंग ने 98 गेंदों में सात चौकों के जरिए 87 रनों की पारी खेली. लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहमान टीम ने खराब आगाज किया.

हर्षित राणा ने छठे ओवर में डेवोन कॉनवे (16) को बोल्ड किया. प्रसिद्ध कृष्णा ने हेनरी निकोल्स (10) को 13वें ओवर में बोल्ड किया. इसके बाद, मिचेल और यंग ने 162 रनों साझेदारी की और न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी कर दिया. यंग को नितीश कुमार रेड्डी ने 38वें ओवर में आउट किया। ऐसे में मिचेल ने ग्लेन फिलिप्स (25 गेंदों में नाबाद 28) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रनों की अटूट पार्टनरशिप कर न्यूजीलैंड की विजयी परचम फहराया। इससे पहले, भारत ने निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 287 रन बनाए। केएल राहुल ने संकट में शतक ठोका और भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 92 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 112 रन बनाए। टॉस गंवाकर बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम ने अच्छी शुरुआत की। कप्तान शुभमन गिल (53 गेंदों में) और रोहित शर्मा (38 गेंदों में 24) ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। हालांकि, एक समय भारत मुश्किल में घिर गया था। 118 रन पर भारत के विकेट गिर गए। विराट कोहली (29 गेंदों में 23) और श्रेयस अय्यर (17 गेंदों में 8) उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। ऐसे में राहुल ने मोर्चा संभाला।

उन्होंने रवींद्र जडेजा (44 गेंदों में 24) के साथ पांचवें विकेट के लिए 73 रनों की पार्टनरशिप की। राहुल ने नितीश कुमार रेड्डी (21 गेंदों में 20) के साथ छठे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी कर भारत को 250 के नजदीक पहुंचाया। हर्षित राणा के बल्ले से दो रन निकले। मोहम्मद सिराज दो रन बनाकर नाबाद लौटे।

न्यूजीलैंड के लिए क्रिस्टियन क्लार्क ने तीन विकेट चटकाए। कप्तान माइकल ब्रेसवेल, काइल जैमीसन, जकारी फाउल्केस और जेडन लेनोक्स को एक-एक मिकेट मिला। बुधवार को शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम इस सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की फिराक में है। भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। सीरीज का निर्णायक मुकाबला रविवार को इंदौर में आयोजित होगा।

डैरेल मिचेल	
रन	131
चौके	11
छक्के	2

विराट कोहली फिर नंबर-1

दुबई 14 जनवरी (वार्ता) शानदार फॉर्म में चल रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली फिर से ताजा आईसीसी पुरुष एक दिवसीय रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंच गए है. आज यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय में भारत की चार विकेट की जीत के बाद आईसीसी पुरुष रैंकिंग में नंबर वन स्थान फिर से हासिल कर लिया है. इस मैच में कोहली के 91 गेंदों में 93 रनों की मदद से मेजबान टीम ने लक्ष्य का पीछा किया और वह भारत के महान सचिन तेंदुलकर के करीब पहुंच गए और ऑल-टाइम मेन्स इंटरनेशनल रन-स्कोरिंग टेबल में दूसरा स्थान हासिल किया. ऑस्ट्रेलिया में 50 ओवर की सीरीज के बाद से कोहली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने अपनी पिछली पांच पारियों में 74 नाबाद, 135, 102, 65 नाबाद और 93 रन बनाए हैं. 37 साल के कोहली जुलाई 2021 के बाद पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी की है. वह 785 रेंटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर है. पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 775 अंकों के साथ तीसरे, कप्तान शुभमन गिल 725 अंकों के साथ पांचवें. शीर्ष दस में एक अन्य भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 682 अंकों के साथ 10वें स्थान पर है.

दूसरे राउंड में प्रणय, श्रीकांत

इंडिया ओपन बैडमिंटन के पहले दौर में हारीं पी .वी . सिंधु

नयी दिल्ली 14 जनवरी दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने इंडिया ओपन से पहले अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा किया था लेकिन वह बुधवार को पहले ही राउंड में वियतनाम की थुई लिन्ह एनगुएन से तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 22-20, 12-21, 15-21 से हार गई।

सिंधु ने इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कम्पलेक्स में यह मुकाबला एक घंटे आठ मिनट में गंवाया। सिंधु का खेल देखने पहुंचे भारतीय दर्शकों को अपनी बैडमिंटन स्टार की हार से भारी निराशा का सामना करना पड़ा जबकि 16 साल की तन्वी शर्मा ने ओपन 2026 में महिला सिंगल्स के पहले राउंड में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी क्षमता दिखाई। और वह एक घंटे नौ मिनट में 20-22, 21-18, 21-13 से हार गईं। मालविका बंसोड़ बुधवार को दूसरे राउंड में पहुंचने वाली एकमात्र अन्य भारतीय थीं। बाएं हाथ की इस शटलर ने महिला सिंगल्स के पहले राउंड में चीनी ताइपे की पाई यू पो को 21-18, 21-19 से हराया।

32 साल के श्रीकांत ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हमवतन तरुण एम को 15-21, 21-6, 21-19 से हराया, जबकि 33 साल के प्रणय ने पुरुष सिंगल्स के पहले राउंड में पिछले एडिशन के उपविजेता हांगकांग के ली चेउक यिउ को 22-20, 21-18 से हराया। प्रणय, जो 2025 में ज्यादातर समय फिटनेस की समस्या से जूझ रहे थे, उन्हें डेनमार्क के वर्ल्ड नंबर 3 एंडर्स एंटोनसन के हटने के बाद योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 में एंट्री मिली और उन्होंने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए ली को हराया।

वायु प्रदूषण के कारण एंटोनसन ने इंडिया ओपन से नाम वापस लिया

डेनमार्क के दुनिया के नंबर 3 बैडमिंटन खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसन ने राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर 'वायु प्रदूषण' को लेकर चिंताओं के कारण लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन से नाम वापस ले लिया है। एंटोनसन ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी के ज़रिए यह खुलासा किया, जिसमें बताया कि दिल्ली में मौजूदा हवा की क्वालिटी के कारण उन्होंने बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। एंटोनसन ने लिखा, 'इस समय दिल्ली में बहुत ज़्यादा प्रदूषण के कारण, मुझे नहीं लगता कि यह बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए सही जगह है।'

उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गर्मियों तक हालात बेहतर हो जाएंगे, जब शहर में वर्ल्ड चैंपियनशिप होनी है।

एक नजर में

क्वार्टर फाइनल में टॉप सीड शेल्टन

वेलिंगटन. सीड बेन शेल्टन ने बुधवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जब उन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-5, 6-4 से हराया। शेल्टन, जो लगातार चौथे साल ऑकलैंड में खेल रहे हैं, ने पहले सेट में 5-4 से पीछे रहते हुए तीन सेट पॉइंट बचाए, फिर सर्व ब्रेक किया और मैच पर कंट्रोल कर लिया। दुनिया में आठवें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को दूसरे ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने एक घंटे 42 मिनट में जीत हासिल की। शेल्टन का अगला मुकाबला गुरुवार को अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज से होगा, जिन्होंने अपने दूसरे राउंड के मैच में अमेरिकी जेनसन ब्रूक्सबी को 7-5, 6-0 से हराया था।

सायरा, हुम्ना पहली बार खेलेंगी टी-20

लाहौर. दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सफेद गेंद सीरीज के लिए अनकैप्ड बल्लेबाज सायरा जबीन और दाएं हाथ की तेज गेंदबाज हुम्ना बिलाल को पाकिस्तान की महिला टी-20 टीम में पहली बार शामिल किया गया है। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीकी दौरे के लिए घोषित सफेद गेंद टीम के लिए फातिमा सना को टीम का कप्तान बनाये रखा है। टीम जून में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप की तैयारी कर रही है।

टी-20 टीम :- फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, आयशा जफर, एमान फातिमा, गुल फिरोजा (विकेटकीपर), हुम्नाबिलाल, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नाशरा सुंधू, नतालिया परवेज, रमीन शमीम, सादिया इकबाल, सायरा जबीन, सिदरा अमीन, तस्मिया रुबाब और तुबा हसन।

एकदिवसीय टीम :- फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, आयशा जफर, डायना बेग, गुल फिरोजा, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नाजिहा अल्वी (विकेटकीपर), नाशरा सुंधू, नतालिया परवेज, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह और तस्मिया रुबाब।

खो खो नेशनल्स में सुरक्षा/पुलिस बलों के खिलाड़ी

नयी दिल्ली/काजीपेट (तेलंगाना). देश की सीमाओं की बर्फीली चोटियों से लेकर शहरों की व्यस्त गलियों तक, हमारे सुरक्षा बल राष्ट्र की ढाल बनकर अनुशासन, साहस और सतत सतर्कता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। वही समर्पण और बलिदान की भावना 58वीं सीनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में खेल मैदान पर दिखाई दे रही है, जिसका आयोजन तेलंगाना के काज़ीपेट में किया जा रहा है। हमारे अर्धसैनिक और पुलिस बलों से जुड़े पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के लिए यह प्रतियोगिता मात्र एक खेल नहीं, बल्कि उनके दैनिक कर्तव्य का ही प्रतिबिंब है। हर दौड़, हर डाइव और हर टीम प्रयास उन मूल्यों को दर्शाता है जिन्हें वे अपने जीवन में जीते हैं - समर्पण, एकता, दृढ़ता और राष्ट्र सेवा। 58वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप में, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कर्मियों से बनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की एक संयुक्त टीम (पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में) ने प्रतिस्पर्धा की, साथ ही अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएससीबी) की पुरुष और महिला टीमों ने भी भाग लिया, जिसमें नौ राज्य पुलिस बलों के खिलाड़ी शामिल थे।

भारत प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा

बुलावायो. आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत एक बड़े अंतर के साथ हुई है, जिसने पहले ही क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान खींचा है। एक पारंपरिक युवा पावरहाउस टीम एक ऐसी टीम के खिलाफ अपने खिताब की दौड़ शुरू कर रही है, जो अभी भी ग्लोबल स्टेज पर अपनी जगह बना रही है। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक, इंडिया अंडर-19, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में मैदान पर गुरूवार को एक स्पष्ट पसंदीदा टीम के रूप में उतरेगी, जो अपने दबदबे, गहराई और काबिलियत से बनी उम्मीदों को लेकर चल रही है। दूसरी तरफ यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका अंडर-19 है, एक ऐसी टीम जिसके पास अनुभव की कमी है लेकिन महत्वाकांक्षा से भरपूर है, जो जूनियर क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर खुद को साबित करना चाहती है। भारत का अभियान प्रतिष्ठा के बोझ के साथ शुरू होता है।

इवा जोविक

अंतिम आठ में एम्मा राडुकानू और इवा जोविक

होबार्ट, 14 जनवरी टॉप सीड एम्मा राडुकानू और तीसरी सीड इवा जोविक ने बुधवार को होबार्ट इंटरनेशनल में अपने मैचों में अलग-अलग रास्ते अपनाए, लेकिन दोनों सीधे सेटों में अगले राउंड में सुरक्षित रूप से पहुंच गईं।

2021 यूएस ओपन चैंपियन राडुकानू और कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो का मैच मंगलवार देर रात बारिश के कारण रोक दिया गया था, जिसमें ब्रिटिश खिलाड़ी एक सेट से आगे थी, लेकिन दूसरे सेट में 4-2 से पीछे थी। जब मैच फिर से शुरू हुआ, तो राडुकानू ने वापसी करते हुए सितंबर के बाद अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर जीत हासिल की। उन्होंने ओसोरियो की सर्विस 5-4 पर तोड़कर मैच को निर्णायक सेट में ले गईं, और उसके बाद हुए टाईब्रेक में नौ में से सात पॉइंट जीतकर 6-3, 7-6(2) से जीत हासिल की। इस बीच पहले राउंड की जीत में सिर्फ एक गेम गंवाने के बाद, अमेरिकी टीनएजर जोविक ने मैक्सिको की रेनाटा ज़ाराज़ुआ के खिलाफ सिर्फ तीन गेम गंवाए और 6-1, 6-2 से जीत हासिल कर अंतिम आठ में जगह बनाई। वर्ल्ड नंबर 30 ने मैच में मिले दोनों ब्रेक पॉइंट बचाए - जो तब आए जब वह पहला सेट सर्व कर रही थीं - और वर्ल्ड नंबर 84 की सर्विस चार बार तोड़कर 2026 में अब तक खेले गए उतने ही इवेंट्स में अपने दूसरे क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। पिछले हफ्ते ऑकलैंड में, वह सेमीफाइनल में पहुंची थीं, लेकिन आखिरकार चैंपियन बनीं एलिना स्वितोलिना से हार गई।

कीज सामना करेंगी म्बोको का

एडिलेड. मैडिसन कीज अपने दूसरे राउंड के मैच में टेरेज़ा वैलेंटोवा के खिलाफ़ शुरुआत में अपने सबसे अच्छे फ़ॉर्म में नहीं थीं, लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और 1 घंटे और 24 मिनट में 6-4, 6-1 से जीत हासिल करके लगातार दूसरे साल एडिलेड के क्वार्टरफ़ाइनल में जगह बनाई। वैलेंटोवा मैच में बने रहने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन कीज़ ने 18 साल की खिलाड़ी की दूसरी सर्व पर फ़ोरहैंड रिटर्न विनर लगाकर दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली। वहां से, उन्होंने आखिरी पांच गेम में से चार जीतकर एक मुश्किल जीत हासिल की। इस जीत के साथ कीज एडिलेड में अंतिम आठ में पहुंच गई हैं, जहां वह एक और टीन सेंसेशन, विक्टोरिया म्बोको, का सामना करेंगी, जो डब्ल्यूटीए टूर पर उनकी पहली भिड़ंत होगी।

हरमनप्रीत का डब्ल्यूपीएल में नया इतिहास

मुंबई इंडियंस की कप्तान ने 1000 रन पूरे किए

नवी मुंबई, 14 जनवरी भारतीय महिला क्रिकेट के स्वर्णिम दौर में हरमनप्रीत कौर का नाम अब सिर्फ एक कप्तान या मैच विनर नहीं, बल्कि इतिहास गढ़ने वाली खिलाड़ी के रूप में दर्ज हो चुका है।

टीम की बनी रीढ़

नवी मुंबई में गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में जब हरमन ने नाबाद 71 रन बनाकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाई, उसी पल उन्होंने महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में एक और बड़ा अध्याय जोड़ दिया। वह डब्ल्यूपीएल में 1000 रन पूरे करने वाली दूसरी बल्लेबाज़ बन गईं, लेकिन इस उपलब्धि की असली चमक इस बात में है कि हरमन ने यह मुकाम टीम को लगातार जीत दिलाते हुए हासिल किया। यह सिर्फ एक व्यक्तिगत माइलस्टोन नहीं, बल्कि महिला क्रिकेट में भारत की बढ़ती ताकत का प्रतीक है। हरमनप्रीत ने अपनी 43 गेंदों की पारी में जिस आत्मविश्वास के साथ सात चौके और दो छक्के लगाए, वह दिखाता है कि वह सिर्फ टिक कर खेलने वाली बल्लेबाज़ नहीं, बल्कि मैच की दिशा बदलने वाली कप्तान हैं।

जर्मनी की बंदूक निर्माता कंपनी कार्ल वाल्थर के

गगन नारंग बने लाइफ टाइम एंबेसडर

उल्म (जर्मनी), 14 जनवरी जर्मनी की बंदूक निर्माता कंपनी कार्ल वाल्थर ने ओलंपिक मेडलिस्ट और पद्म श्री पुरस्कार विजेता गगन नारंग को कंपनी का पहला लाइफटाइम एंबेसडर बनाकर सम्मानित किया है।

कार्ल वाल्थर की ओर से यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब जर्मनी और भारत के बीच रणनीतिक और आर्थिक जुड़ाव बढ़ रहा है। हाल की उच्च-स्तरीय बातचीत, जिसमें जर्मन चांसलर की अहमदाबाद यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठकें शामिल हैं, ने लंबे समय के सहयोग, टेक्नोलॉजी और मानव संसाधन विकास पर साझा फोकस को उजागर किया है। इस बड़े संदर्भ में, कार्ल वाल्थर की भारतीय निशानेबाजों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता भारत के खेल इकोसिस्टम और उसके एथलीटों की ओलंपिक महत्वाकांक्षाओं में विश्वास को दर्शाती है। इस प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, कार्ल वाल्थर भारतीय निशानेबाजों को बेहतरीन प्रतियोगिता उपकरण, तकनीकी विशेषज्ञता और प्रदर्शन-आधारित इनोवेशन तक पहुंच के माध्यम से समर्थन देना जारी रखेगा, और भारत को अपनी ओलंपिक सफलता को बनाए रखने और आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए एथलीटों, कोचों और संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी बर्नहार्ड नोबेल ने कहा, 'गगन नारंग को कार्ल वाल्थर का पहला लाइफटाइम एंबेसडर बनाना हमारी कंपनी के लिए बहुत गर्व का पल है। गगन उन सभी चीजो को रिप्रेजेंट करते हैं जिनके लिए वाल्थर जाना जाता है। सटीकता, ईमानदारी, लचीलापन और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बिना किसी समझौते के प्रतिबद्ध है।

फुटबॉल

सेमेन्यो ने दिखाया कि वह सिर्फ महंगा साइनिंग नहीं, मैच-विनर हैं

सेमेन्यो-चेरकी की मार, सिटी ने वेम्बली का रास्ता खोला

न्यूकैसल, 14 जनवरी। सेंट जेम्स पार्क की गूंजती दीवारों के बीच मैनचेस्टर सिटी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बड़े मैचों में वे कैसे ठंडे दिमाग और सटीक वार से मुकाबला अपने नाम करते हैं।

कराबाओ कप सेमीफाइनल के पहले चरण में न्यूकैसल यूनाइटेड के खिलाफ 2-0 की जीत सिर्फ स्कोरलाइन नहीं थी, बल्कि यह उस आत्मविश्वास और गहराई का प्रदर्शन थी जो पेप गार्डियोला की टीम को इंग्लिश फुटबॉल की सबसे खतरनाक ताकत बनाती है। नए साइनिंग एंटोइन सेमेन्यो ने पहला वार किया और सब्स्टीट्यूट रयान चेरकी ने स्टॉपेज टाइम में दूसरा गोल दागकर सिटी को एतिहाद में खेले जाने वाले रिटर्न लेग से पहले ड्राइविंग सीट पर बैठा दिया। यह मुकाबला न्यूकैसल के लिए 'क्या होता अगर...' वाली कहानी बन गया। मैच की शुरुआत में घरेलू टीम ने जिस आक्रामकता से खेला, उससे लग रहा था कि सेंट जेम्स पार्क एक बार फिर किसी यादगार रात की तैयारी कर रहा है। योआने विस्सा का हेडर अगर जेम्स ट्रैफर्ड के शानदार रिफ्लेक्स से क्रॉसबार पर न लगता, और ब्रूनो गुइमारेस की तेज़ शॉट अगर पोस्ट से न टकराती, तो तस्वीर कुछ और हो सकती थी। दो बार लकड़ी से टकराई गेंदों ने न्यूकैसल के सपनों को झकझोर दिया, लेकिन फुटबॉल अक्सर उन्हीं टीमों का साथ देता है जो मौके नहीं गंवातीं—और सिटी ने यही किया। एंटोइन सेमेन्यो के लिए यह रात और भी खास रही। सिर्फ एक हफ्ते पहले 65 मिलियन में बॉर्नमाउथ से आए इस फॉरवर्ड ने पहले ही एक्सेटर सिटी के खिलाफ 10-1 की जीत में अपनी छाप छोड़ दी थी।

पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा

कराची, 14 जनवरी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज का शेड्यूल कन्फर्म कर दिया है, क्योंकि दोनों टीमें आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी यूनिट को मजबूत कर रही हैं। आईसीसी के अनुसार, तीन मैच गद्दाफ़ी स्टेडियम में चार दिनों में 29 और 31 जनवरी, और 1 फरवरी 2026 को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की टूरिंग टीम 28 जनवरी को लाहौर पहुंचेगी। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए कॉम्बिनेशन को फ़ाइनल करने और भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट से पहले माहौल में ढलने का एक अहम मौका है.